पाठ्यक्रम में परिवार नियोजन को शामिल करना

2027. श्री उमा कान्त मिश्र : क्या शिक्षा और समाज कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या परिवार नियोजन के लिए किशोरों और युवकों के मन में रुचि उत्पन्न करने की दृष्टि से परिवार नियोजन को राष्ट्रीय संस्कृति का एक अंग बनाने के लिए शिक्षा पद्धति में एक विशेष प्रकार का पाठ्यक्रम शामिल किया जायेगा; और

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार का पाठ्यक्रम बनाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया क्या है और उसकी क्या रूप रेखा है ?

रेल तथा शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालयों तथा संसदीय कार्य विभाग में उप मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) भारत सरकार के शिक्षा और संस्कृति मंत्रालय ने औपचारिक शिक्षा प्रणाली में एक राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना शुरू की है। इसके अन्तर्गत राज्यों को इस क्षेत्र में पाठ्यचर्या विकसित करने के लिए निम्नलिखित दृष्टिकोण से सहायता की जा रही है ;

(i) छात्रों को जनसंख्या वृद्धि तथा व्यक्ति; परिवार, समाज राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तरों पर सामाजिक और आर्थिक विकास की प्रक्रिया के बीच पारस्परिक सम्बन्ध की जानकारी कराने में सहायता करना ;

(ii) बच्चों और अध्यापकों को देश की जनसंख्या सम्बन्धी स्थिति तथा इस समस्या को सुलझाने में सरकार के लक्ष्यों और प्रयासों के बारे में जानकारी कराना; तथा

(iii) जनसंख्या मामलों के सम्बन्ध में अध्यापकों और छात्रों में वांछनीय अभिरुचि और व्यवहार विकसित करना ताकि वे अपने परिवार के आकार तथा जीवन के उस स्तर के सम्बन्ध में जो वे व्यतीत करना चाहते हों, तर्कसंगत निर्णय ले सकें।

(ख) इस परियोजना के अन्तर्गत राज्यों को, उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाठ्यचर्या विकसित करने में सहायता की जाती है। इस प्रयोजन के लिए राज्य कर्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वे अपने आप इस कार्य को कर सकें। जनसंख्या शिक्षा के पाठ्य विवरण में सामान्यत: जनसंख्या गतिशीलता, जनसंख्या वृद्धि तथा आर्थिक विकास, सामाजिक परिवर्तन के बीच सम्बन्ध और प्राकृतिक संसाधनों और पारिवारिक जीवन शिक्षा सहित पर्यावरण पर प्रभाव शामिल है।

Level Crossing at Bhomeswar

2028. DR. SUBRAMANIAM SWAMY: : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have decided to reopen the gate on the level crossing at Bhomeswar, Rajkot (Gujarat), in response to public demand; and

(b) if so, the date when this will be done?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRIES OF RAILWAYS, AND EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND DEPARTMENT OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI MALLIKARJUN): (a) and (b). Level crossing No. 3-A was provided as a temprorary measure pending the completion of the road over bridge across the railway line in replacement of the existing level crossing No. 3 at Rajkot. Since the road over-bridge has been completed and opened to traffic, the